# प्रदेश के सबसे लंबे मदनमहल-दमोहनाका फ्लाई ओवर का लोकार्पण 23 को

**मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी भव्य समारोह में करेंगे जनता को समर्पित.**

### लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ किया लोकार्पण की तैयारियों को लेकर फ्लाईओवर का निरीक्षण.

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने मदन महल-दमोह नाका फ्लाईओवर को महानगर का स्वरूप ले रहे जबलपुर शहर के लिये बड़ी सौगात बताया है। उन्होंने कहा कि लगभग 1052 करोड़ रुपये की लागत से बना मदन महल-दमोह नाका फ्लाई ओवर मध्यप्रदेश का सबसे लंबा फ्लाईओवर तो है ही यह अकेला ऐसा प्रोजेक्ट भी है जिसमें केंद्रीय सड़क निधि से समूचे देश में सबसे ज्यादा राशि स्वीकृत की गई है। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने यह जानकारी आज बुधवार को जन प्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ इस फ्लाईओवर के लोकार्पण की तैयारियों को लेकर मदन महल से दमोह नाका तक संपूर्ण फ्लाईओवर के निरीक्षण के दौरान दी।

श्री सिंह ने बताया कि करीब साढ़े सात किलोमीटर लंबे इस फ्लाई ओवर का 23 अगस्त को एक भव्य समारोह में लोकार्पण होगा। फ्लाई ओवर का लोकार्पण करने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव तथा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जबलपुर आ रहे हैं। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान बताया कि फ्लाई ओवर में मदन महल रेलवे स्टेशन के ऊपर 193.5 मीटर लंबा केवल स्टे ब्रिज बनाया गया है। यह देश में किसी रेल लाइन के ऊपर बना अब तक का सबसे लंबा केबल स्टे ब्रिज है। इसके साथ ही यह देश का ऐसा पहला फ्लाई ओवर भी है जिसमें दो एलिवेटेड रोटरी बनाई गई हैं। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने बताया कि मदन महल-दमोह नाका फ्लाई ओवर के नीचे पर्यावरण सरंक्षण हेतु 50 हजार पौधों का रोपण किया गया है। साथ ही इसके नीचे बास्केटबॉल कोर्ट, ओपन जिम, बच्चों के लिये पार्क बनाये गये हैं। पूरे फ्लाई ओवर में दस स्थानों पर दिशा सूचक बोर्ड लगाये गये हैं। फ्लाई ओवर में तीन



बो स्ट्रिंग ब्रिज बनाये गये हैं। इनमें दो रानीताल चौराहे पर और एक बो स्ट्रिंग ब्रिज एक बलदेवबाग चौराहे पर बनाया गया है। इनकी लंबाई लगभग 70 मीटर है। श्री सिंह ने मदन महल-दमोह नाका फ्लाई ओवर के निर्माण को लेकर उनके द्वारा किये गये प्रयासों का जिक्र करते हुये बताया कि वर्ष 2004 के अपने पहले लोकसभा चुनाव के उन्होंने अपने संकल्प पत्र में इस फ्लाई ओवर के निर्माण को शामिल किया था। लेकिन वर्ष 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के आने और श्री नितिन गडकरी के सड़क परिवहन मंत्री बनने के बाद उनके इस संकल्प को साकार होने का अवसर आया। श्री सिंह ने बताया कि वर्ष 2016 में केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री श्री गडकरी ने अपने जबलपुर प्रवास के दौरान उनके निवास पर आयोजित बैठक में उनके आग्रह पर इस फ्लाई ओवर के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की। इसके बाद भी इसके निर्माण में कई अड़चने सामने आई। शुरुआत में हुई चूक के कारण इस फ्लाई ओवर के निर्माण को केवल मदन महल से बलदेवबाग तक की ही स्वीकृति दी गई थी। लेकिन उनके आग्रह पर डीपीआर में संशोधन किया गया और दमोह नाका तक इसके निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई। श्री सिंह ने बताया कि यह पहली बार था कि केंद्रीय सड़क निधि से स्वीकृत किसी प्रोजेक्ट की डीपीआर में संशोधन किया गया हो। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने फ्लाई ओवर के निर्माण में सहयोग प्रदान करने के लिये जबलपुर के सभी नागरिकों और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि इसके फलस्वरूप न केवल इसका निर्माण पूरा हुआ बल्कि वो समय भी आ गया है, जब इसका लोकार्पण होने जा रहा है।लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा कि लोकार्पण के तुरंत बाद फ्लाईओवर को आवागमन के लिये खोल दिया जायेगा। इससे न केवल यातायात व्यवस्थित करेगा, बल्कि यह जबलपुर शहर को महानगरीय स्वरूप देने में भी मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने बताया कि दमोह नाका से मदन महल तक किसी भी वाहन से जाने में अभी 40 से 45 मिनट लगते हैं, फ्लाईओवर पर आवागमन शुरू हो जाने से यह दूरी 6 से 8 मिनट में तय हो जायेगी। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने संस्कारधानी के सभी नागरिकों को फ्लाई ओवर के लोकार्पण समारोह में आमंत्रित करते हुये इस समारोह का साक्षी बनने का आग्रह किया।लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह के मदन महल से दमोह नाका तक फ्लाई ओवर के निरीक्षण के दौरान महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक सर्व श्री अशोक रोहाणी, सुशील कुमार तिवारी इंदु, नीरज सिंह एवं संतोष वरकड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा गोंटिया, भाजपा के नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर, भाजपा के जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) श्री राजकुमार पटेल, नगर निगम अध्यक्ष श्री रिकुंज विज, पूर्व मंत्री श्री शरद जैन, कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, नगर निगम आयुक्त श्रीमती प्रीति यादव, अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी, लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता आर एल वर्मा, श्री अभय सिंह ठाकुर, श्री पंकज दुबे, श्री संदीप जैन, श्री रजनीश यादव, श्री रानू तिवारी, श्री सोनू बचवानी आदि भी मौजूद थे।

## देश में रेयर अर्थ मिनरल का पर्याप्त भंडार

संसाधनों पर कब्जे के लिए दुनिया भर में संघर्ष जारी है और अगर संसाधन दुर्लभ ( रेयर )किस्म के हो तो संघर्ष का तीव्र होना लाजमी है मौजूदा दौर में भू राजनीतिक परिदृश्य पर गौर करने से स्थिति साफ हो जाएगी कि आखिर व्यापार युद्ध की वास्तविक वजह क्या है वास्तविक वजह है दुर्लभ मृदा तत्व अंग्रेजी में रेयर अर्थ एलिमेंट आर ई ई जिस पर चीन का दबदबा है और कथित तौर पर महाशक्तिशाली मुल्क अमेरिका को भी इसके समक्ष नरम रुख अख्तियार करना पड़ता है क्योंकि रेयर एलिमेंट्स के बगैर उसका सारा कारोबार ठप्प पड़ सकता है चीन ने अप्रैल में इन एलिमेंट्स की आपूर्ति पर पाबंदी लगा दी थी भारत पर भी यह पाबंदी की गई थी पर चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने उर्वरक सुरंग खोदने वाली मशीन के अलावा रेयर अर्थ एलिमेंट की आपूर्ति बहाल करने का आश्वासन दिया है चीन दुनिया भर में दुर्लभ मृदा तत्वों का भंडार 9 करोड़ तन है और लगभग आधा 4॰30 करोड़ तन चीन के पास है दूसरे नंबर पर ब्राज़ील 2.8 करोड़ तीसरे स्थान पर भारत 69 लाख तन है हमारे देश में अरुणाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश खास तौर से सिंगरौली में रेयर अर्थ मिनरल का भंडार है सिंगरौली की कोयला खदानों में स्केडीयम और एट्रियम जैसे दुर्लभ तत्व पाए गए हैं अन्य खनिजों की तरह इन दुर्लभ तत्वों को भी खनन के जरिए जमीन से निकाला जाता है पर खनन के तत्वों से इन्हें पृथक करने की प्रक्रिया जटिल है और बहुत ज्यादा महंगी है चीन ने 80 और 90 के दशक में इसी काम से महारत हासिल की है यहां तक की अपनी इस तकनीकी महारत के दम पर चीन ने म्यांमार में पाए जाने वाले डिस्प्रापोर्शन और टरनियम का दोहन कर लिया जो अत्यंत शक्तिशाली चुंबक बनाने के काम आते हैं जिनका इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहन विंड टरबाइन ड्रोन मिसाइल पनडुब्बियों इत्यादि में होता है चीन सीमा से लगा म्यांमार का कोचीन प्राण रेयर अर्थ मिनरल के खनन का बड़ा केंद्र है इस तरह से म्यांमार के दुर्लभ मृदा तत्व भंडार पर चीन का कब्जा है और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस बात से खफा है वह किसी भी तरह अमेरिकी कंपनियों को म्यांमार में स्थापित करना चाहते हैं हमारे देश में रेयर अर्थ मिनरल का पर्याप्त भंडार होने के बावजूद के खनन और प्रोसेसिंग की तकनीक के मामले में चीन की तुलना में हम अभी काफी पीछे हैं हालांकि इस सिलसिले में केंद्र सरकार ने नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन इसी साल शुरू किया है ताकि दुर्लभ मृदा तत्वों के भंडार का पता लगाया जा सके आने वाले समय में इनके खनन और प्रोसेसिंग की गति बढ़ाई जा सके उम्मीद है कि 2031 तक इस मामले में हम सक्षम हो जाएंगे

# आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में 3167 अस्पतालों ने किया घोटाला

### राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा के सवाल के उत्तर में उजागर हुई धांधली

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मंत्री प्रताप राव जाधव से देश की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना आयुषमान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को लेकर एक प्रश्न 19 अगस्त को पूछा था। इस प्रश्न में सांसद तन्खा ने यह जानकारी माँगी कि आयुषमान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत कितने अस्पतालों को गड़बडियों का दोषी पाया गया। इन अस्पतालों में किस प्रकार की गड़बड़ियाँ पाई गई, यह भी सवाल पूछा गया कि कितने अस्पताल गड़बडियों और नियमों के उलंघन में पकड़े गए। इन अस्पतालों की अनियमितताएं किस प्रकार की थी। फर्जी क्लेम, ओवर चार्जिंग या



सेवाओं से इन्कार करने जैसे अनियमितताएं हुई हैं।

दोषी अस्पतालों पर क्या कार्रवाही की गई। डी-एमएम्पैनलमेंट, रिकवरी या कानूनी कार्रवाही हुई है क्या। यह भी सवाल पूछा गया कि अब तक कितने फर्जी क्लैम पकड़े गए और कितनी राशि वापस वसूल की गई। श्री तन्खा ने भविष्य में ऐसी गड़बडियों को रोकने के लिए क्या कार्रवाही की जा रही है।

श्री तन्खा द्वारा पूछे गए सवाल के लिखित जवाब में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि आयुषमान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की शुरूआत से अब तक 3167 अस्पतालों को विभिन्न प्रकार की अनियमितताओं और नियम उलंघन का दोषी पाया गया है। यह संख्या दिखाती है कि देश भर में लाभार्थियों को मिलने वाली स्वास्थ सुविधाओं पर किस तरह का संकट मंडरा रहा है। दोषी अस्पतालों द्वारा फर्जी क्लैम पेश करना, मरीजों से तय दर से अधिक राशि वसूलना, लाभार्थियों को इलाज से वंचित करना, जैसी गंभीर गड़बडियाँ अस्पतालों द्वारा की गई हैं। केन्द्रीय स्वास्थ मंत्री ने अपने उत्तर में यह भी बताया कि 1114 अस्पतालों को डी-एम्पैनल किया गया है। 1504 अस्पतालों पर 122 करोड़ का जुर्माना लगाया गया है तथा 549 अस्पताल निलंबित भी किए गए हैं। धोखाधड़ी रोकने के लिए नेशनल हेल्थ अथॉरिटी के तहत नेशनल एंटी फ्रॉड यूनिट और राज्यों में स्टेट एंटी फ्रॉड यूनिट गठित की गई है। साथ ही रियल टाईम डेस बोर्ड मॉनिटरिंग सिस्टम लागू किया गया है ताकि पारदर्शी और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

## 36वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल कुश्ती प्रतियोगिता का हुआ समापन

**रेलवे सुरक्षा विशेष बल रेलवे की टीम ओवरऑल विजेता एवं उत्तर रेलवे टीम उपविजेता रही**

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** जबलपुर रेलवे स्टेडियम में 36वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल कुश्ती प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय, अपर महाप्रबंधक श्री प्रमोद कुमार खत्री, महानिरीक्षक, रेलवे सुरक्षा बल, श्री राजीव कुमार यादव, मण्डल रेल प्रबंधक श्री कमल कुमार तलरेजा एवं उपमहानिरीक्षक श्री रजनीश कुमार त्रिपाठी की गरिमामय उपस्थिती में फाइनल मैच खेले गये। सम्पूर्ण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाडियों को पुरस्कार वितरित किये गयें। इस प्रतियोगिता में रेलवे सुरक्षा विषेष बल ने 30 अंको के साथ प्रथम, उत्तर रेलवे ने 19 अंकों के साथ द्वितीय तथा उत्तर पूर्व रेलवे ने 11 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक श्रीमती बंदोपाध्याय ने सभी टीमों को बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा कि पुरूष खिलाड़ियों के साथ-साथ महिला खिलाड़ियों ने भी अद्भुत उत्साह, समर्पण और खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मुझे आशा है कि भविष्य में भी महिला खिलाड़ी इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में और अधिक



संख्या में भाग लेंगी। पश्चिम मध्य रेल सदैव खेलकूद को प्रोत्साहित करने में अग्रणी रहा है। पश्चिम मध्य रेल ने देश को राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के कई खिलाड़ी दिए हैं, जिन्होंने विदेशों में भी हमारी रेलवे के साथ-साथ देश का नाम रोशन किया है।

**79 किग्रा एवं 86 क्रिग्रा वर्गभार में फाइनल मैच विजेता**

79 क्रिग्रा वर्ग भार के फाइनल मैच जगमेंद्र (रेलवे सुरक्षा विशेष बल) तथा सिकन्दर (उत्तर रेलवे) के मध्य खेला गया जिसमें जगमेंद्र ने सिकन्दर को 08/04 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया एवं 86 क्रिग्रा वर्ग भार के फाइनल मैच नाहरदेव (उत्तर पूर्व रेलवे) तथा सज्जन (रेलवे सुरक्षा विशेष बल) के मध्य खेला गया जिसमें पहलवान नाहरदेव ने सज्जन को वायफाल से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया।

## हैल्पिंग हैंड्स एम पी 20 टीम ने तिलवारा घाट के बच्चों के साथ मिलकर धूमधाम से मनाया जनमाष्टमी का पर्व



**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** जबलपुर संस्कारधानी में श्री कृष्ण जनमाष्टमी का पर्व जगह ङ्क जगह पर मटकी फोड़कर धूमधाम से मनाया जा रहा है इसी उपलक्ष्य में हैल्पिंग हैंड्स एम पी 20 टीम के सदस्यों द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी तिलवारा घाट के बच्चों के साथ मिलकर मटकी फोड़ आयोजन रखकर धूमधाम से बनाया गया इसी तरह टीम के सदस्यों द्वारा सारे त्यौहार धूमधाम से ढोल नगाडों के साथ व मनाकर व बच्चों के खाने की व्यवस्था कर अन्य घाट में उपस्थित जरूरतमंदो के साथ मिलकर खुशियों बॉटते है यह टीम लगभग चार वर्षो से अधिक समय से जरूरतमंद लोगो की मदद कर रही है इस टीम के प्रमुख सदस्य अभय द्विवेदी, संतोष द्विवेदी, सारांश राजपूत, देवराज राजपूत, शिवम मरावी, नीलम कोइराला, शिवानी नाहर, अक्षत वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# जिले को लगातार प्राप्त हो रहा है यूरिया एवं डीएपी

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** किसानों द्वारा धान की फसल में टॉप ड्रेसिंग के लिए लगातार यूरिया का उठाव किया जा रहा है। जिले में वर्तमान में कुल 19 हजार 886 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है। इसमें यूरिया 3 हजार 523 मीट्रिक टन, डीएपी 4 हजार 477 मीट्रिक टन, एमओपी 536 मीट्रिक टन, एनपीके 2 हजार 121 मीट्रिक टन एवं एसएसपी 9 हजार 228 मीट्रिक टन उपलब्ध है।

उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार विपणन संघ तथा सहकारी समितियों में यूरिया 1 हजार 368 मीट्रिक टन, डीएपी 1 हजार 574 मीट्रिक टन एवं एनपीके 482 मीट्रिक टन उपलब्ध है। साथ ही निजी उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों में यूरिया 614 मीट्रिक टन, डीएपी 2 हजार 051 मीट्रिक टन एवं एनपीके 1 हजार 339 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है।

उप संचालक कृषि ने बताया कि आज बुधवार को परादीप फास्फेट लिमिटेड की डीएपी एवं टीएसपी की रैक प्राप्त हुई है। इससे जिले के डबल लॉक केन्द्रों एवं समितियों को 750 मीट्रिक टन डीएपी एवं 305 मीट्रिक टन टीएसपी प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले को विगत दिनों इफको कंपनी की यूरिया की रैक प्राप्त हुई थी। इससे डबल लॉक केन्द्रों, समितियों एवं निजी विक्रेताओं को 2 हजार मीट्रिक टन यूरिया प्राप्त हुआ था, जिसका वितरण कार्य अभी जारी है।

उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त निजी विक्रेताओं को दोनों उर्वरक दिये जायेगें। इंडियन पोटाश लिमिटेड की डीएपी की रैक लगना सम्भावित है। इससे जिले को लगभग 2 हजार मीट्रिक टन डीएपी मिलना संभावित है। ब्रम्हपुत्र वैली फर्टिलाइजर कार्पोरेशन लिमिटेड कंपनी की भी 2 हजार 670 मीट्रिक टन की रैक भी जल्द ही लगने की संभावना है।

उप संचालक कृषि के मुताबिक गतवर्ष इसी अवधि तक यूरिया की 42 हजार 519 मीट्रिक टन, डीएपी की 12 हजार 978 मीट्रिक टन एवं एनपीके की 7 हजार 039 मीट्रिक टन मात्रा का वितरण किया गया था। इस वर्ष अभी तक यूरिया की 40 हजार 511 मीट्रिक टन, डीएपी की 13 हजार 214 मीट्रिक टन एवं एनपीके की 8 हजार 074 मीट्रिक टन का वितरण किया जा चुका है।

# पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के हितग्राही बच्चों से कलेक्टर ने किया संवाद.

पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के हितग्राही बच्चों से कलेक्टर दीपक सक्सेना ने आज बुधवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में संवाद किया। संवाद के दौरान कलेक्टर ने इन बच्चों से उनके हालचाल जाने, उनके स्वास्थ्य और शिक्षा के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें उपहार प्रदान किये। श्री सक्सेना ने किसी भी तरह की कठिनाई आने पर फौरन उनसे संपर्क करने का आग्रह इन बच्चों से किया। संवाद के कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी सौरभ सिंह भी मौजूद थे।

पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के अंतर्गत जिले में 16 बच्चों को चिन्हित किया गया है। ये ऐसे बच्चे हैं जिनके माता एवं पिता दोनों की 11 मार्च 2020 से 28 फरवरी 2023 की अवधि के दौरान कोविड महामारी के कारण मृत्यु हो गई है। पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के अंतर्गत ऐसे प्रत्येक बच्चे के नाम से इतनी राशि जमा की जाती है, जिससे इनके 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक 10 लाख रुपये का कोष तैयार हो जाता है। इस कोष से 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर



उन्हें शिक्षा के लिये मासिक आर्थिक सहायता प्रतिमाह देने का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार बच्चे को 23 वर्ष की आयु पूरी होने पर कोष की 10 लाख रूपये की राशि व्यक्तिगत या व्यावसायिक उपयोग के लिये एक मुश्त प्रदान की जाती है।

इसके साथ ही पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के हितग्राही बच्चों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा भी दी जाती है। बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना, सी एम कोविड बाल सेवा योजना एवं सामाजिक न्याय विभाग से विशेष छात्रवृत्ति का लाभ भी प्रदान किया जा रहा है।

संवाद के दौरान कलेक्टर श्री सक्सेना से पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के हितग्राही बच्चों में से एक बालक बेचलर ऑफ फॉर्मेसी का 3 वर्षीय डिग्री कोर्स कर रहा है और एक बच्चा बेचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन 3 वर्षीय डिग्री कोर्स कर रहा है। एक बालिका बी कॉम जी डी रूंगटा कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नालॉजी से डिग्री कोर्स पूर्ण कर चुकी है और बच्चे केंदीय विद्यालय में अध्ययनरत है। अन्य बच्चे भी स्कूल एवं कॉलेज में अध्ययनरत है।

कलेक्टर महोदय द्वारा बच्चों से गहन चर्चा की एवं बच्चों को मन लगाकर पढाई करने बात कही साथ ही अभिभावकों से भी बात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली एवं निराकरण करने का आश्वासन दिया ।

# महाप्रबंधक की अध्यक्षता मे संरक्षा की समीक्षा बैठक आयोजित



### सेफ्टी, स्टेशनों में यात्री सुविधाओं एवं क्राउड मैनेजमेंट पर हुई प्रमुखता से चर्चा

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में बुधवार 20 अगस्त 2025 को-आर्डिनेशन रिव्यु मीटिंग सम्पन्न हुई। बैठक में सेफ्टी, क्राउड मैनेजमेंट, रेलगाड़ियों के संरक्षित एवं सुरक्षित परिचालन पर जोर देने पर बात हुई। इसके साथ ही प्रमुखता से त्यौहारों पर रेलवे स्टेशनों में यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया एवं प्लेटफार्मों और ट्रेनों में क्राउड मैनेजमेंट और अन्य रेल सुविधाओं जैसे अनेक विषयों पर समीक्षा कर विचार-विमर्श किया गया।

महाप्रबंधक ने कहा कि संरक्षा पश्चिम मध्य रेलवे की प्राथमिकता हैं। उन्होंने ने संरक्षा एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने संरक्षा से सम्बंधित सुधारों को योजनाबद्ध तरीके से पालन करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने रेल पटरियों की आंतरिक संरचना की सूक्ष्म जाँच के लिए अल्ट्रासोनिक फ्लॉ डिटेक्शन (यूएसएफडी) तकनीक से मॉनिटर करना एवं टर्नआउट परिक्षण, ट्रैक परिक्षण, स्वीच इंस्पेक्शन जॉइंट्स परिक्षण से सबंधित कार्यो के सेफ्टी पर जोर देने की बात कही। मीटिंग के दौरान महाप्रबंधक ने आने वाले त्योहारों पर आगामी महीनों में दशहरा, दीपावली एवं छठ जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर यात्रियों को जयादा से ज्यादा रेल सुविधाओं का बेहतर लाभ सुनिश्चित किया जाय। प्रमुख भीड़ वाले स्टेशनों पर यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया बनाया जाय एवं प्लेटफार्मो और ट्रेनों में क्राउड मैनेजमेंट की सतत निगरानी हो, लिफ्ट/एस्क्लेटर की निरन्तर मॉनेटरिंग, सीसीटीवी कैमरे और अन्य रेल सुविधाओं को सुनिश्चित किया जाय। त्योहारों के अवसर पर पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ होने वाली ट्रेनों में सामान्य श्रेणी के यात्रियों के आवागमन के लिए अलग से उचित व्यवस्था करना। स्टेशनों एवं ट्रेनों में सुरक्षा की दृष्टि से आरपीएफ एवं जीआरपीएफ द्वारा निरंतर 24ङ्ग7 घंटे निगरानी सुरक्षा सुनिश्चित हो, साथ उनकी रेल यात्री सुविधाओं में स्टेशनों पर आवागमन हेतु प्रवेश/निकासी पर बेहतर सुविधा हेतु विशेष जोर देने की बात कही। इसके अतिरिक्त रेल यात्री सुविधाओं के अंतर्गत चल रहे अधोसरंचना निर्माण कार्य के तहत स्टेशन पर बनाये जा रहे फुट ओवर ब्रिज के कार्यो को समय-सिमा में पूर्ण करने में गति प्रदान करना है।

महाप्रबंधक ने आगामी होने वाले नासिक कुंभ मेला 2027 एवं महाकुम्भ सिंहस्थ उज्जैन 2028 मेला से सम्बंधित पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल एवं कोटा मण्डल में चल रही रेल परियोजनाओं और अन्य अधोसंरचनात्मक निर्माण कार्यो के निर्धारण, समापित क्रियान्वयन और प्रगति की रेलवे की व्यापक स्तर की तैयारी सुनिश्चित करने के लिए विस्तार से चर्चा की।

श्रीमती बंदोपाध्याय ने विभागीय प्रमुखों और मंडल रेल प्रबंधकों को निर्देश दिए कि वे आगामी त्यौहारों के अवसर पर संरक्षा एवं सुरक्षा और यात्री सुविधाओं की विस्तारीकरण को प्राथमिकता देते हुए समय से ट्रेनों का संचालन सुनिश्चित करे।

इस बैठक में अपर महाप्रबंधक श्री प्रमोद कुमार खत्री एवं प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री प्रवीन खोराना, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक श्री नीरज कुमार, प्रमुख मुख्य दूरसंचार एवं संकेत इंजीनियर श्री एकनाथ मोहकर, प्रमुख मुख्य इंजीनियर श्री आशुतोष, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री मनीष तिवारी, प्रमुख मुख्य यांत्रिकी इंजीनियर श्री एम विजय कुमार, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री एस डी पाटीदार, प्रमुख मुख्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर श्री मुकेश, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री मनोज कुमार गुप्ता, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री राजीव कुमार यादव, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. श्याम सुन्दर, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) श्री एम, एस हाशमी एवं सचिव महाप्रबंधक श्री राहुल जयपुरियार सहित मुख्यालय के अन्य विभाग के मुख्य विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। इसके आलावा जबलपुर, भोपाल एवं कोटा के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े।

## इंद्रधनुष का दूसरा दिन



मिलन फोटोग्राफिक समिति द्वारा वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर आयोजित इंद्रधनुष 16 के दूसरे दिन आज सोनी कंपनी द्वारा अपने कमरे एवं लैंस का प्रदर्शन फटॉग्रफर्स के लिए किया गया , साथ ही डाटा रिकवरी पर एक वर्कशॉप भी आयोजित की गई जिसमे छायाकारों को यह बताया और समझाया गया कि क्यों आपका डेटा खराब हो सकता है और फिर उसको किस तरह से रिकवर किया जाता है या आप कैसे इससे बच सकते हैं। आज की बारिश के बाद भी कला प्रेमियों का दिन भर छायाचित्रों को देखने के लिए आने का सिलसिला जारी रहा इस छायाचित्र प्रदर्शनी में युवाओं से लेकर अनुभवी छायाकारों के बहुत ही मनमोहक चित्रों का प्रदर्शन किया गया है। नवोदित छायाकारो ने बताया कि इस एग्जीबिशन के माध्यम से हम लोगों को फोटोग्राफी के बारे में काफी कुछ जानने सीखने का अवसर मिला , इस तरह के आयोजन हमारे लिए मददगार होते हैं,लोगों को पिक्टोरियल,फ़ैशन ,विभिन्न पक्षियों , जानवरों , रंग-बिरंगे परिधान में भगोरिया के आदिवासी, इस वर्ष आयोजित महा कुंभ के चित्र ,सुंदर फूलों के चित्र एवं प्रकृति के नजारे आदि चित्र आकर्षित करते रहे लोगों की मांग पर प्रदर्शनी को एक दिन के लिए और बढ़ाया गया है यह प्रदर्शन कल 21 तारीख को भी प्रातः 12॰00 बजे से लोगों के अवलोकनाथ खुली रहेगी मिलन फोटोग्राफिक समिति ने सभी छाया करो एवं कला प्रेमियों से प्रदर्शनी में आने का आग्रह किया है।

## फ्लाईओव्हर का लोकार्पण कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए 20 अगस्त से 23 अगस्त तक यातायात डायवर्सन प्लान

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** जबलपुर शहर मे 23 अगस्त को मदनमहल चौक से दमोहनाका तक फ्लाईओव्हर का लोकार्पण कार्यक्रम प्रस्तावित है। जिसका कार्यक्रम गुलजार होटल के सामने सड़क पर किया जाना है। लोकार्पण कार्यकम के लिये कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थायें आज 20 अगस्त से प्रारम्भ की जा रही है जिसके कारण इस मार्ग से जाने वाले वाहनों के लिए आज 20 अगस्त से 23 अगस्त तक यातायात मार्ग परिवर्तित रहेगा। जिसमें छोटीलाईन चौक से मेडीकल की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के वाहन बंदरिया तिराहे ग्रेनेड चौक, शक्तिभवन होकर डीआईजी कार्यालय से शक्तिनगर चौराहा एलआईसी होकर मेडीकल की तरफ जा सकते है। मदनमहल चौराहे से डायवर्सन छोटीलाईन चौक की तरफ जाने वाले समस्त प्रकार के वाहन मदनमहल चौराहे से घूमकर एलआईसी तिराहे से शक्तिनगर चौराहे से डीआईजी कार्यालय, ग्रेनेड चौक, बंदरिया तिराहे होकर सदर बाजार की ओर या मदनमहल स्टेशन अण्डर ब्रिज से शहर की ओर जा सकते है। एलआईसी तिराहे से डायवर्सन मेडीकल की तरफ से आने वाले सभी प्रकार के वाहन एलआईसी से शक्तिनगर चौराहा से डीआईजी कार्यालय के सामने से ग्रेनेड चौराहा से बंदरिया तिराहे से होकर सदर बाजार एवं शहर की तरफ जा सकेगे। मेडीकल से आने वाले लोडिंग, सिटी बसें त्रिपुरी चौक, पंडा की मढिया, गौतम जी की मढिया कछपुरा होकर शहर की तरफ निकलेगी एवं छोटीलाईन तरफ से सिटी बसें ग्रेनेड चौक, नयागाव, बरगी हिल्स होते हुये जा सकेगीं। यातायात पुलिस ने कहा कि उपरोक्त व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू की गई है। साथ ही वाहन चालको एवं इस क्षेत्र में रहने वाले सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे व्यवस्था में सहयोग प्रदान करे।

## जबलपुर, पनागर, सिहोरा एवं पाटन राजस्व अनुभाग में सफाई साथी आपके द्वार अंतर्गत बैठक संपन्न



**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** राजस्व अधिकारी जबलपुर, पनागर, सिहोरा एवं पाटन की अध्यक्षता में आज स्वच्छता संस्कार सफाई साथी आपके द्वार अंतर्गत बैठक की गई। जिसमें संबंधित जनपद के जनपद सीईओ, बीईओ, बीआरसी, सीडीपीओ एवं ब्लॉक समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन उपस्थित रहे। इस दौरान ब्लॉक समन्वयक द्वारा कार्यक्रम के बारे में विस्तार से प्रेजेंटेशन माध्यम से जानकारी दी गई। बैठक में अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों ने कहा कि स्कूल, आंगनवाड़ी, ग्राम पंचायत भवन एवं सामुदायिक स्वच्छता परिसर ऑनलाइन डिमांड कर बुकिंग कर संस्था का शौचालय सफाई सुनिश्चित करें। सफाई साथियों के द्वारा गुणवत्तापूर्ण कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि सफाई उपरांत सफाई साथियों को निर्धारित दर नगद या ऑनलाइन उनके खाते में ट्रांसफर किया जाए और उनसे भुगतान की रिसिप्ट भी प्राप्त किया जाये।

# भगवान बलराम जी के जन्मोत्सव पर किरार समाज द्वारा स्वैच्छिक रक्त दान शिविर आयोजित

खैरा पलारी द्ध विगत दिवस 18 अगस्त दिन सोमवार को मानव सेवा ही माधव सेवा को चरितार्थ करते हुए अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा नवयुवक मंडल जिला सिवनी के तत्वाधान में भगवान बलराम जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया , कार्यक्रम शुभारंभ के पूर्व सर्वप्रथम समाज के आराध्य देव भगवान बलराम जी के छाया चित्र पर समाज के वरिष्ठ लोगों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया भगवान बलराम जी की पूजन अर्चन के उपरांत सभी को तिलक वंदन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई जहां क्षेत्र के युवाओं एवं मातृ शक्तियों ने शिविर में उपस्थित होकर उत्साहपूर्वक रक्तदान किया ! इस अवसर पर इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय की ब्लड बैंक टीम ने लगभग 100 यूनिट ब्लड संग्रह किया ! रक्तदान के बाद सभी रक्तदान दाताओं को




प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही सभी रक्तदान दाताओं को फलों का जूस एवं स्वल्पाहार दिया गया ! किरार समाज के पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि रक्तदान महादान है यह जरूरतमंद व्यक्तियों के जीवन को बचाने के लिए सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है ! इस पावन पुनीत कार्य को सफल बनाने के लिए युवा जिला अध्यक्ष डॉ नरेंद्र ठाकुर , उनकी पूरी टीम एवं समाज के सभी युवाओं को समाज के वरिष्ठ लोगों द्वारा बधाई शुभकामनाए देते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना कर आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी ऐसी ही ऊर्जा के साथ समाज में रचनात्मक कार्य एवं समाज के उत्थान के लिए कार्य करें ! इस अवसर पर अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष बृजमोहन पटेल, संगठन मंत्री प्रदीप पप्पू पटेल, सचिव धन सिंह ठाकुर ,मीडिया प्रभारी देवेंद्र ठाकुर,अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा नवयुवक मंडल राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनोज ठाकुर ठाकुर, युवा जिला अध्यक्ष डॉ नरेंद्र ठाकुर, महामंत्री शिवम ठाकुर ,शुभम दयाल पटेल, सचिव निलेश ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर ,पूर्व जिला अध्यक्ष राहुल ठाकुर,महेंद्र अरोदिया,अखिलेश अमरोदिया,आदेश ठाकुर,विकास ठाकुर,पिंकेश ठाकुर ,आदित्य ठाकुर,प्रभात ठाकुर, शिवा ठाकुर,आशीष ठाकुर,राकेश ठाकुर, शैलू ठाकुर,दीनदयाल ठाकुर,अरुण ठाकुर ,महेंद्र ठाकुर आदि क्षेत्र के सैकड़ो युवा एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे

# प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड ने जबलपुर में नई टोलिंग यूनिट का शुभारंभ किया

भवन निर्माण सामग्री कंपनी प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड ने आज मेसर्स जबलपुर सीमेंट इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ('जेसीआईपीएल') जोगीढाना से सीमेंट आपूर्ति का उद्घाटन किया। यह टोलिंग इकाई प्रिज्म सीमेंट की गुणवत्ता और विशिष्टताओं के अनुसार सीमेंट का निर्माण और आपूर्ति करेगी। यह इकाई मध्य प्रदेश के एक प्रमुख औद्योगिक और आवासीय क्षेत्र, जबलपुर क्षेत्र में बाजार की मांग को पूरा करने की कंपनी की रणनीति का हिस्सा है। उद्घाटन के अवसर पर, मैनेजिंग डायरेक्टर श्री विजय अग्रवाल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री राकेश जैन और चीफ मार्केटिंग आफीसर श्री पराग जैन की उपस्थिति में पहले ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जोनल सेल्स हेड श्री हितेंद्र मिश्रा और मार्केटिंग टीम सहित कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

टोलिंग यूनिट शुभारंभ के अवसर पर संबोधित करते हुये मैनेजिंग डायरेक्टर श्री विजय अग्रवाल ने कहा, कि इस टोलिंग यूनिट का शुभारंभ हमारे विस्तार और विकास की रणनीति का हिस्सा है। यह टोलिंग यूनिट हमें क्षेत्रीय ग्राहकों को तेज, कुशल और विश्वसनीय सेवा प्रदान करने में सक्षम बनायेगी। हमारा उद्देश्य सिर्फ व्यापार का विस्तार नहीं बल्कि उस क्षेत्र के समग्र विकास का भागीदार बनना है जहाँ ग्राहकों और डीलरों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध हो सके। इसी अवसर पर एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री राकेश जैन ने कंपनी की भविष्य की योजनाओं, व्यापार रणनीतियों और स्थानीय सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता को साझा करते हुये कहा, कि यह यूनिट हमारी आपूर्ति श्रृंखला को सक्षम बनाएगी और मध्यप्रदेश के निर्माण क्षेत्र की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करेगी। हमारी प्राथमिकता ग्राहकों को बेहतर सेवा




और विश्वसनीय उत्पाद उपलब्ध कराना है।प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के डीजीएम जनसंपर्क एंड सीएसआर देवेंद्र मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मौके पर उपस्थित सभी अतिथियों एवं डीलरों ने कंपनी की इस नई पहल का स्वागत किया और इसे क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होने आगे बताया कि प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड एक बिल्डिंग मटेरियल केपनी है जो सीमेंट, रेडी-मिक्स कंक्रीट और टाइल्स के उत्पादन में विशेषज्ञता रखती है। कार्यक्रम में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारीगण सीएचआरओ श्री प्रवीर कुमार रे, तकनीकी हेड श्री जितेंद्र खंडेलवाल, लॉजिस्टिक हेड श्री अखिल मेहरा, जोनल तकनीकी मैनेजर श्री अक्षुण राज, रीजनल सेल्स मैनेजर श्री सुजीत यादव, श्री बद्री पांडेय, ब्रांच सेल्स हेड श्री उमेश गुप्ता एवं श्री अंकित सिंह, ब्रांच तकनीकी हेड श्री अक्षय गजभिये तथा रीजनल मार्केटिंग टीम की उपस्थिति रही।

## लखनादौन पुलिस ने 580 ग्राम गांजे के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

**लखनादौन।** लखनादौन पुलिस ने नशे के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए 580 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई जिले में नशे के फैलते जाल पर अंकुश लगाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि लखनादौन थाना क्षेत्र के गुंगवारा रोड गुरूकृपा कृषि केन्द्र के पास पुल के नीचे गनेशगंज में एक व्यक्ति अवैध रूप से गांजा रखा हुआ है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी केपी धुर्वे ने तत्काल टीम गठित कर आरोपी को स्टाफ की सहायता से घेराबंदी कर पकड़ा। जिससे स्टाफ द्वारा नाम पता पूछने पर अपना नाम अखिलेश चौकसे पिता गौरीशंकर चौकसे निवासी ग्राम केकडा थाना आदेगांव का रहने वाला बताया जिसके कब्जे से एक लाल रंग के थैले में 580 ग्राम गांजा जप्त किया गया।आरोपी से अवैध मादक पदार्थ रखने के सबंध में कोई वैद्य दस्तावेज लायसेंस न होने पर आरोपी के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।उल्लेखनीय है कि आरोपी अखिलेश चौकसे के विरूद्ध अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखे होने से आरोपी के विरूद्ध थाना लखनादौन में पूर्व से 01 एवं थाना आदेगांव में 01 अपराध पंजीबद्ध है।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लखनादौन श्री के.पी धुर्वे, उनि श्रीचंद मरावी, आरक्षक धनेश्वर यादव, शिवम बघेल, ओमप्रकाश धुर्वे (असूचना संकलन), ओमकार पटेल, पृथ्वी सरयाम शामिल रहे।

## राज्यपाल मुलिया बाई के प्रधानमंत्री आवास का किया उद्घाटन



**सिवनी ।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने बुधवार 20 अगस्त को विकासखंड केवलारी के ग्राम झोला का प्रवास के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हितग्राही श्रीमती मुलिया बाई पति सुक्कू बैगा को आवास का शुभारंभ कर गृह प्रवेश कराया। राज्यपाल ने लाभान्वित परिवार से संवाद कर उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलाव की जानकारी ली।राज्यपाल ने कहा कि ग्रामो की वास्तविक उन्नति तभी संभव है जब योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय पर पहुँचे और उसका सदुपयोग हो। उन्होंने ग्रामीणों से बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। प्रवास के दौरान ग्रामीणों ने पारंपरिक सैला नृत्य प्रस्तुत किया और महिलाओं ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का अभिनंदन किया।कार्यक्रम में जनजातीय कार्य विभाग मंत्री डॉ. विजय शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डेहरिया, विधायक सिवनी दिनेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष मीना बिसेन सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। साथ ही कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन, सीईओ जिला पंचायत नवजीवन विजय एवं प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे।राज्यपाल श्री पटेल के प्रवास से ग्रामवासियों में उत्साह का माहौल रहा और लोगों ने अपने बीच राज्यपाल को पाकर हर्ष व्यक्त किया।

## युवा संगम अंतर्गत ज़िला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला संपन्न




**सिवनी ।** जिला रोजगार अधिकारी सिवनी ने जानकरी देकर बताया कि कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र तथा शासकीय आईटीआई सिवनी के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सिवनी में एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। आयोजित मेले में निजी क्षेत्र की 10 कंपनियों ने भाग लिया तथा मेले में 205 युवाओं ने अपना पंजीयन कराया। जिसमें से 149 आवेदकों का रोजगार हेतु प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। कंपनियों द्वारा वर्धमान फेब्रिक बुधनी से 7, एलआईसी सिवनी से 30, अंबुजा फाउंडेशन से 24, एनआईआईटी छिंदवाड़ा से 20, सीआईआई स्किल छिंदवाड़ा से 16, गोल्डन फार्मर सागर से 16, प्रतिभा सिंटेक्स से 18, वर्धमान यार्न सतलापुर से 3 तथा प्रथम एजुकेशन जबलपुर से 15 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इसके अलावा अप्रेंटिसशिप हेतु आमधन प्रा.लि. ने 3 युवाओं का चयन किया, वहीं सेंटप आरएसीटी सिवनी ने प्रशिक्षण के लिए 18 आवेदकों का चयन किया। उन्होंने बताया कि कंपनियों द्वारा मेले में अप्रेंटिसशिप, ट्रेनी, सहायक, कॉल सेंटर, फील्ड वर्कर, मशीन ऑपरेटर, पर्यवेक्षक, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं तकनीकी सहायक जैसे पदों पर भर्ती की कार्यवाही की गई। साथ ही स्वरोजगार योजनांतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा 1 हितग्राही को 8 लाख रुपए की राशि तथा ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा 2 स्वसहायता समूहों के 23 सदस्यों को 9 लाख रुपए की राशि के स्वीकृति पत्र/चेक वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें 65 युवक-युवतियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनकी आभा आईडी बनाई गई। इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी वी.के. सदाफल, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र से डेहरिया, शासकीय आईटीआई सिवनी के प्राचार्य डी.के. ठाकुर, पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## थाना परिसर बमीठा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी चार दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हुआ

प्रथम दिन श्री कृष्णा जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया, द्वितीय दिन जवाबी लोकगीत, तृतीय दिन लोकगीत चतुर्थ दिन के पावन अवसर पर आयोजित भजन संध्या समारोह के समापन कार्यक्रम में सम्मिलित मुख्य अतिथि छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव इस अवसर पर राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया, भैया मोनू यादव,बमीठा भाजपा मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र अवस्थी,बमीठा सरपंच सनत मंजू जैन, भाजपा नेता सोनू नगरिया, मुन्ना महाराज. मनोज शर्मा. दीपक अग्निहोत्री, मलखान कुशवाहा, राजनगर जिला





पंचायत सदस्य पप्पू पाल, कुटिया पुष्पेंद्र सिंह, मुकेश पांडे, डॉक्टर राघव पाठक, धनिया साहू ,सचिव संजय मिश्रा, महेंद्र तिवारी,दिनेश अग्निहोत्री दिदौनियॉ, एडवोकेट श्याम बाबू त्रिवेदी राधे बाबा द्विवेदी, संजू बाबा, घूरा छोटू महाराज ,राकेश अहिरवार दिव्यापुरवा एवं छतरपुर विधायक एवं राजनगर विधायक ने मंच के मध्यम से किया सम्मानित माला पहनकर व सोल श्रीफाल देकर किया सम्मान सरपंच एवं समाजसेवी गणमान्य नागरिक भाजपा नेताओं एवं पत्रकारों को मंच के माध्यम से सम्मानित किया गया इस अवसर पर छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव ने कहा कि आज थाना परिसर बमीठा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर आयोजित भजन संध्या समारोह के समापन कार्यक्रम में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। और उन्होंने कहा कि छतरपुर में 31 अगस्त को मटकी फोड़ कार्यक्रम रखा गया है सभी से अपील की है कि आप सभी लोग कार्यक्रम में पधार कर कार्यक्रम की गर्म में बनाएं आप सभी का आभार व्यक्त करते हैं इस अवसर पर छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव ने कहा कि बमीठा में भक्तिमय वातावरण में श्रीकृष्ण भक्ति के मधुर भजनों ने सभी को दिव्य आनंद से भावविभोर कर दिया। राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में भक्ति, सद्भावना और सांस्कृतिक मूल्यों का प्रसार होता है। श्री विधायक निर्देशन में बमीठा की पुरानी सांस्कृतिक परंपरा श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर आयोजित होने वाले आयोजन नई टीम की लगन और मेहनत से बेहद ही सफल आयोजन रहा, कुछ कमियां अगर रह गई हो तो नई कमेटी को सुझाव दे तथा अगले वर्ष और भी बेहतर हो इस हेतु सुझाव के साथ सहयोगी भी बने क्योंकि कार्यक्रम हम सभी का है इस अवसर पर खजुराहो एसडीओपी मनमोहन बघेल, बमीठा थाना प्रभारी आशुतोष सिंह श्रोत्रिय के द्वारा बमीठा थाना परिसर में आयोजित भजन संध्या समारोह के समापन कार्यक्रम में मंच का संचालन राजू सिंह चौहान द्वारा किया गया सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## घर के अंदर सो रहा था परिवार, चोर कर ले गए लाखो की चोरी

बमीठा थाना अंतर्गत ग्राम पीरा मे अज्ञात चोरो ने दुकान को निशाना बनाया है चोरो ने दुकान की सटर से घुस कर अंदर गए फरियादि प्रमोद गुप्ता निवासी पीरा ने जानकारी देते हुए बताया की दुकान का सामान लेने के लिए छतरपुर जाना था तो रात मे 3 लाख रुपय नगद दुकान की गोलक मे रख दिए थे और नगदी के साथ घर की 2 किलो चांदी और 3 तोला सोना भी दुकान के पीछे कमरा रखे थे घर के सभी सदस्य अपने अपने कमरों में सो रहे थे अज्ञात चोर चोरी करके ले गए बमीठा पुलिस ने मौके पर जाकर मुआयना किया और आगे की जाँच शुरू कर दी है

## राज्यपाल ने किया प्राथमिक शाला झोला का निरीक्षण, बच्चों को दी सफलता की प्रेरणा

**सिवनी ।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने बुधवार 20 अगस्त को ग्राम झोला प्रवास के दौरान प्राथमिक शाला झोला का भी निरीक्षण किया। राज्यपाल ने विद्यालय भवन एवं कक्षाओं का अवलोकन कर शिक्षण व्यवस्था और विद्यार्थियों की प्रगति की जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान राज्यपाल ने बच्चों से आत्मीय संवाद स्थापित किया। उन्होंने बच्चों से सामान्य प्रश्न पूछे, जिनका उत्साहपूर्वक उत्तर देकर बच्चों ने अपनी जिज्ञासा और आत्मविश्वास का परिचय दिया। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन को नई दिशा देती है। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे पूरी निष्ठा और मन लगाकर पढ़ाई करें, अपनी प्रतिभा को निखारें और आगे चलकर समाज की सेवा करें।राज्यपाल श्री पटेल ने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की ज्योति ही विकास की आधारशिला है। बच्चों की तरक्की के साथ ही गांव और समाज प्रगति की राह पर आगे बढ़ते हैं। उन्होंने बच्चों को स्वच्छता, अनुशासन और संस्कारों के महत्व से भी अवगत कराया।राज्यपाल ने शिक्षकों से शैक्षणिक गतिविधियों, पढ़ाई की गुणवत्ता और विद्यार्थियों के परिणाम की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों को बच्चों की पढ़ाई में



विशेष रुचि लेकर गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर जनजातीय कार्य विभाग मंत्री डॉ. विजय शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डेहरिया, विधायक सिवनी दिनेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष मीना बिसेन सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन, सीईओ जिला पंचायत नवजीवन विजय एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे।

## नौगांव पुलिस ने दो दिन के अंदर चोरी का किया खुलासा- किराएदार आरोपी से 200000 से अधिक सोने के आभूषण बरामद

थाना नौगांव क्षेत्र अंतर्गत दो दिन पूर्व कस्बा के वार्ड क्रमांक 8 से फरियादिया के घर से चोरी संबंधी रिपोर्ट पर भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य एवं कथन एकत्र किए गए। क्षेत्र में मूवमेंट करने वाले संदिग्ध के संबंध में सूचना एकत्र की गई।एकत्रित साक्ष्य एवं सूचना के आधार पर संदेही किराएदार से बारीकी से पूछताछ की गई, अपराध करना स्वीकार किया। चोरी की घटना को अंजाम देने वाले किराएदार आरोपी अमोल सिंह पिता महाराज सिंह निवासी ग्राम अलीपुरा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के पास से सोने की चेन, चूड़ियां सहित विभिन्न प्रकार के करीब दो लाख से अधिक रुपए के आभूषण बरामद किए गए। अभियुक्त अमोल सिंह जुआ के अपराध में पूर्व से लिप्त है, अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है, विवेचना कार्यवाही जारी है। उक्त त्वरित कार्यवाही में एसडीओपी नौगांव श्री अमित मेश्राम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नौगांव निरीक्षक सतीश सिंह , उपनिरीक्षक जितेंद्र सोनी, आरक्षक अरविंद, कमलेश बाबू ,आशीष ,मासूम, कृष्ण कुमार, महिला आरक्षक रीना पटेल की भूमिका रही।




## ग्रामीण क्षेत्र से इलाज कराने आए शिशु के परिजनों की मदद के लिए आगे आए टीआई उदयवीर सिंह तोमर

**चंदला।** थाना चंदला प्रभारी टीआई उदयवीर सिंह तोमर अपने मानवीय व सहयोगी स्वभाव के कारण लगातार चर्चा में बने हुए हैं। बीती रात्रि लगभग दो बजे उनका एक नेक कार्य फिर सामने आया, जिसकी लोग जमकर सराहना कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, अजयगढ़ रोड पर ग्रामीण क्षेत्र से आए परिजन अपने बीमार शिशु के इलाज के लिए भटक रहे थे। इस दौरान गश्त पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने स्थिति की सूचना तत्काल टीआई उदयवीर सिंह तोमर को दी। सूचना मिलते ही टीआई स्वयं



मौके पर पहुंचे और परिजनों को आश्वस्त किया।

मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए टीआई तोमर ने बीमार शिशु को स्वयं गोद में उठाया और तत्काल चंदला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचकर उपचार की व्यवस्था कराई। सही समय पर उपचार मिलने से शिशु की हालत सामान्य हो गई। परिजनों ने भावुक होकर टीआई उदयवीर सिंह तोमर व पुलिस टीम का आभार जताया। वहीं, टीआई के इस संवेदनशील कदम की एसपी अगम जैन ने भी प्रशंसा की है। थाना चंदला का प्रभार संभालने के बाद से टीआई उदयवीर सिंह तोमर लगातार समाजहित के ऐसे कार्य कर रहे हैं, जो आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और सम्मान को और मजबूत कर रहे हैं।

# विवाह के पहले आनुवांशिक कार्ड का करें मिलान : राज्यपाल

### 'परंपरागत चिकित्सा का स्वास्थ्य संवर्धन में योगदान एवं सिकल सैल एनीमिया प्रबंधन' पर मण्डला में हुई कार्यशाला

**भोपाल ।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि विवाह के पहले आनुवांशिक कार्ड का मिलान अवश्य कराना चाहिए। सिकल सैल एनीमिया की बीमारी आनुवांशिक है। इसके उन्मूलन के लिए व्यापक जनजागरूकता आवश्यक है। राज्यपाल श्री पटेल बुधवार को मण्डला के ग्राम सेमरखापाके एकलव्य आदर्श विद्यालय ऑडीटोरियम में ÷परंपरागत चिकित्सा का स्वास्थ्य संवर्धन में योगदान एवं सिकल सैल एनीमिया प्रबंधन÷ विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला में शामिल हुए। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सिकल सैल से पीड़ित व्यक्ति का चिन्हांकन एवं त्वरित रोग उपचार ही इस बीमारी से बचाव का कारगर उपाय है। जितनी जल्दी इस रोग का पता चलेगा, इसे नियंत्रित करने की संभावना उतनी अधिक होगी। उन्होंने कहा कि आमजन स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर सिकल सैल एनीमिया की जांच अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि मां के गर्भ में और बच्चे के जन्म के 72 घंटे में इसकी जांच की सुविधा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शहडोल जिले से वर्ष 2023 से सिकल सैल उन्मूलन का अभियान शुरू हुआ है। तब से लेकर अब तक देश में 7 करोड़ लोगों की जाँच की जा चुकी है, जिसमें मध्यप्रदेश में एक करोड़ 14 हजार व्यक्तियों की जांच की गई। जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. विजय शाह ने कहा कि प्रदेश में प्राचीन औषधियों को अस्तित्व में बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। मंडला में डी-मार्ट की तर्ज पर ट्रायबल मार्ट बनाया जायेगा। जनजातीय बंधु इसका संचालन करेंगे। यहां मिलने वाले उत्पाद की कीमत बाजार की तुलना में 25-30 प्रतिशत कम होगी। स्थानीय लोगों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जनजातीय जीवन को बेहतर बनाया जा रहा है। प्रदेश में सिकल सैल एनीमिया उन्मूलन के लिए युद्ध स्तर पर कार्य हो रहे हैं। केन्द्र व राज्य की डबल इंजन सरकार के प्रयासों की बदौलत स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक बदलाव आए हैं। आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य सिकल सैल एनीमिया उन्मूलन के संबंध में चिकित्सकों एवं परंपरागत वैद्यों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करना और उसे वृहद स्तर पर लोगों तक पहुंचाना है। बालाघाट में आयुर्वेद रिसर्च सेंटर खोलने की स्वीकृति भारत सरकार ने दी है। रिसर्च के क्षेत्र में अच्छा काम करने वालों के साथ एम.ओ.यू. भी किए जा रहे हैं। परंपरागत वैद्यों के ज्ञान को सहेजने और शोध के दस्तावेजीकरण की तरफ बढ़ रहे हैं। पीढ़ी दर पीढ़ी परंपरागत रूप से काम कर रहे पारंपरिक वैद्यों को आधुनिक तकनीक से भी जोड़ा जा रहा है। जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि राज्यपाल श्री पटेल अति संवेदनशील हैं, जो जनजातीय जिलों के सुदूर अंचलों तक जाकर इस बीमारी की रोकथाम के लिए मार्गदर्शन दे रहे हैं। नर सेवा ही नारायण सेवा है।

# फोर लेन मुआवज़े में पटवारी का षड्यंत्र उजागर

### किसानों ने दी दर्जनों शिकायतें, प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

बड़ामलहरा//फोर लेन परियोजना के मुआवज़े में जहाँ एक ओर किसान औने-पौने दाम पर अपनी ज़मीन के मुआवज़े को लेकर वर्षो से भटक रहे हैं, वहीं दूसरी ओर गृह तहसील बड़ामलहरा में पदस्थ विवादित पटवारी होशियार सिंह पर गंभीर आरोप लगे हैं। जनसुनवाई में किसानों ने एक दर्जन से अधिक लिखित शिकायतें कलेक्टर पार्थ जैसवाल को साक्ष्यों सहित सौंपीं, जिनसे यह साफ होता है कि पटवारी ने न सिर्फ नियमों को ताक पर रखा बल्कि करोड़ों का अनुचित लाभ भी उठा लिया।

**किसानों का आरोप – 2016-17 के डायवर्जन न मान्य, पटवारी ने खुद कराया व्यावसायिक डायवर्जन–**

मौली हल्का,रकबा नंबर 327/2 भू हितग्राही सोमलता जैन के 2013 में हुए डायवर्सन सहित अन्य किसानों का कहना है कि वर्ष 2016-17 के डायवर्जन आदेशों को प्रशासन ने मान्य नहीं किया,जबकि पटवारी ने वर्ष 2021 में प्रस्तावित फोर लेन पर रोक के बावजूद अपनी माता सोना देवी के नाम कृषि भूमि खरीदी और उस पर ढाबा निर्माण कराकर व्यावसायिक डायवर्जन भी करा लिया। इसके एवज में उसे लगभग 36 लाख रुपये का मुआवज़ा मिला, जबकि किसान अपने हक के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं।

**नोटिस भी निष्प्रभावी, अवैध निर्माण को मिला संरक्षण–**

जानकारी के अनुसार, नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट अधिकारियों ने निरीक्षण कर निर्माण को अवैध बताया था और एसडीओ राजस्व ने वर्ष भर पहले पटवारी सहित अन्य चार लोगों को तीन दिन में निर्माण हटाने का नोटिस दिया था। मगर कार्रवाई न होकर उल्टे इस अवैध निर्माण का मुआवज़ा जारी कर दिया गया। किसानों का आरोप है कि यह राजस्व और एनएचएआई अधिकारियों की मिलीभगत से संभव हुआ है।

**रजिस्ट्री पर भी सवाल–**

सूत्र बताते हैं कि पटवारी ने खसरा नंबर 1/1 शा.नं. 2, 14/1 शा.नं. 15 कुल रकबा 0.846 हैक्टेयर भूमि की रजिस्ट्री 17 मई 2024 को आदिवासी विक्रेता इमरत सौर पिता प्रभु सौर से कराई। जबकि यह पूरी ज़मीन पहले से प्रस्तावित फोर लेन की अधिसूचना में शामिल थी और शासन ने ऐसी भूमि के क्रय-विक्रय, नामांतरण और निर्माण पर रोक लगा रखी थी। बावजूद इसके पटवारी ने सारे नियम तोड़कर रजिस्ट्री करा ली।

**किसानों के सवाल कानून सिर्फ आम जनता के लिए–**

किसानों का कहना है कि जब आम लोगों ने शासन की रोक के चलते कोई निर्माण नहीं कराया, तो नियमों का पालन करवाने वाला अधिकारी ही कानून तोड़ने में सबसे आगे क्यों? क्या शासन-प्रशासन के आदेश केवल आम जनता के लिए ही हैं।

**बड़ा सवाल कलेक्टर करेंगे सख्त कार्रवाई या दब जाएगी फाइल–**

अब सबकी नज़र कलेक्टर पार्थ जैसवाल पर टिकी है कि क्या वे किसानों की इस गंभीर शिकायत पर कड़ी कार्रवाई करेंगे या मामला अन्य शिकायतों की तरह दबा दिया जाएगा। बड़ामलहरा में फोर लेन मुआवज़े का यह मामला सिर्फ किसानों के शोषण और भ्रष्टाचार की जीवंत हकीकत है।

# मध्यप्रदेश सरकार की सौगात : अब 100 डायल की जगह चलेगी 112 डायल सेवा

**छतरपुर।** प्रदेश सरकार ने कानून व्यवस्था को और मजबूत करने तथा जनता को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के लिए 100 डायल सेवा को अब 112 डायल सेवा में परिवर्तित कर दिया है। इसी क्रम में छतरपुर जिले को 31 नई 112 डायल गाड़ियाँ मिली हैं, जिनमें 20 बोलेरो और 11 स्कॉर्पियो वाहन शामिल हैं।

**नई 112 डायल में क्या है खास?**

पहले 100 डायल सिर्फ पुलिस सहायता तक सीमित था, लेकिन 112 डायल सेवा में पुलिस, अग्निशमन और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को एक ही नंबर पर जोड़ा गया है।

इन गाड़ियों में एडवांस तकनीक से लैस जीपीएस सिस्टम, हाईटेक वायरलेस, बॉडी कैमरा और ट्रैकिंग सिस्टम लगाए गए हैं।

इससे न सिर्फ घटनास्थल पर तेजी से पहुँचने में मदद मिलेगी बल्कि पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी।

प्रत्येक वाहन में आधुनिक सुरक्षा उपकरण और रीयल-टाइम लोकेशन ट्रैकिंग की सुविधा उपलब्ध है।

**जनता को क्या मिलेगा लाभ?**

112 डायल सेवा से अब नागरिक किसी भी आपात स्थिति ङ्क अपराध, आगजनी या स्वास्थ्य संबंधी आपातकाल ङ्क में तुरंत मदद पा सकेंगे।



कॉल के बाद कंट्रोल रूम से सीधे नजदीकी 112 डायल वाहन को अलर्ट किया जाएगा और मौके पर पुलिस टीम शीघ्र पहुँचेगी।

**छतरपुर को मिली बड़ी सौगात**

छतरपुर जिले को कुल 31 वाहन उपलब्ध कराए गए हैं -

**20 बोलेरो गाड़ियाँ**

**11 स्कॉर्पियो गाड़ियाँ**

ये सभी वाहन जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तैनात की जाएँगी, ताकि दूरस्थ गाँवों और कस्बों तक भी पुलिस सहायता तुरंत पहुँचे।

**प्रशासन की अपील**

पुलिस प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे किसी भी आपात स्थिति में 112 डायल नंबर पर कॉल करके तुरंत सहायता प्राप्त करें। डीआईजी ललित सकवार एसपी आगम जैन में हरी झंडी दिखाकर गाड़ियों को निकाला।। एडिशनल एसपी विनीता डांगर भी उपस्थित रही।।

# प्रदेश के सबसे बड़े फ्लाईओवर के लोकार्पण कार्यक्रम का हिस्सा बने प्रत्येक कार्यकर्त्ता : राकेश सिंह

## फ्लाईओवर के लोकार्पण की तैयारियों हेतु भाजपा शहर एवं ग्रामीण की बैठक को लोक निर्माण मंत्री ने किया सम्बोधित






**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** आप सभी की सामूहिक ताकत के कारण आगामी 23 अगस्त को प्रदेश का सबसे बड़ा फ्लाईओवर जनता को समर्पित होगा जिसका लोकार्पण केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी, एवं मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव करेंगे इसमें सभी कार्यकर्ताओ की सहभागिता हो ताकि आपके साथ जबलपुर की जनता प्रदेश के सबसे बड़े फ्लाईओवर के लोकार्पण की साक्षी बने यह बात लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने फ्लाईओवर के लोकार्पण की तैयारीयों हेतु आयोजित शहर एवं ग्रामीण की बैठक में भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में कहीं। श्री सिंह ने भाजपा कार्यालय में शहर और ग्रामीण के कार्यकर्ताओ को अलग अलग बैठकों में सम्बोधित किया.

महानगर की बैठक में जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, पूर्व विधायक शरद जैन, डॉ जितेन्द्र जामदार, राममूर्ति मिश्रा, पंकज दुबे, रजनीश यादव एवं ग्रामीण की बैठक में ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल विधायक सुशील तिवारी इंदु, संतोष बरकड़े, नीरज सिंह, जी, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा गोटियां,प्रदेश मंत्री श्रीमती नंदनी मरावी, पूर्व विधायक नरेन्द्र त्रिपाठी, ग्रामीण महामंत्री राजेश दहिया जी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे.।

श्री राकेश सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 2004 में जब आपने मुझे सांसद बनाया था तब मैने एक दिन अखबार में पढ़ा था कि जबलपुर एक बड़ा गांव है वह बात उस दिन चुभ गई तब से संघर्ष का लम्बा दौर शुरू हुआ जिसमें एयरपोर्ट सहित अनेकों काम जबलपुर के लिए करना था। 2004 के संकल्प पत्र में जबलपुर में मैने फ्लाईओवर का जिक्र किया था, आज वह बनकर तैयार हो गया है संघर्ष इतना लम्बा था कि इसमें सामूहिक मेहनत सबने की परन्तु 2014 में जब मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनी तब विकासवादी सोच तेजी से आगे बढ़ी, जब नितिन गडकरी मेरे निवास पर आए तब मेरे आग्रह पर उन्होंने जबलपुर को फ्लाईओवर की सौगात दी इसमें कई बाधाएं भी आई परन्तु अंततोगत्वा जबलपुर को यह सबसे बड़ी सौगात प्राप्त हुई इस फ्लाईओवर में देश का सबसे बड़ा केवल स्टे ब्रिज है, इसके साथ ही जबलपुर में अन्य विकास के काम भी तेजी सेवचल रहे है देश की सबसे बड़ी रिंग रोड हैदराबाद में है उसके पश्चात जबलपुर में है, जबलपुर बिलासपुर हाइवे का का भी जारी है इसके पश्चात लॉजिस्टिक पार्क की घोषणा कराई।

श्री राकेश सिंह ने कहा कि प्रदेश का यह सबसे बड़ा फ्लाईओवर अनेकों बार प्रयासके बाद प्राप्त हुआ और यह बात कहने में कदापि संकोच नहीं है कि नितिन गडकरी यदि भूतल परिवहन मंत्री नहीं होते तो इसका बनना संभव नहीं हो पाता, देश के इतिहास में सेंट्रल रिजर्व फंड से पहली बार किसी फ्लाईओवर के लिए इतनी राशि मिली है और उसमें भी पहली बार संशोधन करवाकर फ्लाईओवर का विस्तार आगे तक करवाया यह सब आप सभी के साथ मिलकर काम करने के कारण, अर्थात सामूहिक प्रयासों से यह संभव हुआ और आगामी 23 अगस्त को प्रदेश का सबसे बड़े फ्लाईओवर का लोकार्पण होने जा रहा है विकास का यह क्रम चलता रहेगा जबलपुर विकास की नई ऊंचाई तय करेगा आने समय में जल्द ही जबलपुर का स्वरूप बदलेगा हम सभी विकास के कार्यो के साक्षी बनेंगे, अभी तो मां नर्मदा का घाट देश का सबसे सुंदर घाट होगा इस फ्लाई ओवर के लोकार्पण के बाद शहर को 5 फ्लाईओवर मिलेंगे, ठाकुरताल में जंगल सफारी की शुरुआत होगी और आने वाले समय में जबलपुर विकास के कई आयाम स्थापित करेगा।

श्री राकेश सिंह ने कहा कि आगामी 23 अगस्त को माननीय नितिन गडकरी जी प्रदेश के सबसे बड़े फ्लाईओवर का लोकार्पण करेंगे हम सभी इसके प्रत्यक्षदर्शी होंगे, जबलपुर की जनता को यह फ्लाईओवर समर्पित होगा सभी को अपनी सहभागिता देते हुए अधिक संख्या में गडकरी जी का आभार व्यक्त करना है ।

जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने कहा कि जबलपुर के विकास पुरुष लोकनिर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने जबलपुर को बड़े गांव के दंश से निकाल कर महानगर का स्वरूप प्रदान किया है यह फ्लाईओवर इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है श्री राकेश सिंह ने जबलपुर के विकास हेतु कड़ी मेहनत की और उनके प्रयासों के फलस्वरूप जबलपुर में एयरपोर्ट का विस्तारीकरण, रेल्वे सुविधाओं का विस्तार, ब्रॉडगेज योजना, रिंगरोड, सहित अनेक विकास कार्य हुए उनके द्वारा किए गए विकास के कार्य जबलपुर के इतिहास में स्वर्णिम अक्षर में लिखे जाएंगे आगामी 23 अगस्त को हम सभी जबलपुर को मिल रही ऐतिहासिक सौगात के कार्यक्रम में सम्मिलित हो एवं माननीय केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री श्री गडकरी जी का स्वागत करें।

श्री अशोक रोहाणी ने कहा कि जब हमारे नेता श्री राकेश सिंह ने 2004 से जो संघर्ष यात्रा की शुरुआत की थी वह संघर्ष अब उत्सव के रूप में बदलने वाला है और इस उत्सव में ज्यादा से ज्यादा लोगों को सम्मिलित होना चाहिए ताकि यह उत्सव महोत्सव में परिवर्तित हो प्रदेश के सबसे बड़े फ्लाईओवर का लोकार्पण ऐतिहासिक होना चाहिए।

महापौर जगत बहादुर सी सिंह अन्नू ने कहा कि लोकनिर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने जबलपुर को अनेकों विकास के कार्य किए है उस पर यह फ्लाईओवर देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि राकेश सिंह जी हम सब के माथे का तिलक हैं जिन्होंने जबलपुर को सबसे बड़ी सौगात दी है आज जब में फ्लाईओवर के ऊपर था तब लगा मन से जितनी दुआएं दी जाए कम है क्योंकि 45 मिनिट का सफर मात्र 7 मिनिट में तय होगा आज उनके मार्गदर्शन जबलपुर लगातार विकास के आयाम स्थापित कर रहा है ।आपके इस कार्य के लिए जबलपुर की जनता सदियों तक आपको याद रखेगी ।

# एटीएस के शिकंजे में 3 और अफगानी फंसे, अब तक 6

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** जबलपुर में एटीएस (एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड) ने तीन और अफगानियों को पकड़ा है। तीनों अफगानी फर्जी दस्तावेज के जरिए पासपोर्ट बनवाकर रह रहे थे। एटीएस ने अफगानी नागरिक सोहबत खान से पूछताछ के दौरान किए गए खुलासे के बाद यह कार्रवाई की है। एटीएस जबलपुर से अब तक 6 अफगानियों को पकड़ चुकी है।

अधिकारियों की माने तो एटीएस ने शहर के छोटी ओमतीा क्षेत्र में रहने वाले याकूब खान, मोहम्मद यूनुस व अब्दुल खान को पकड़ा है। ये जबलपुर में रहकर कंबल बेचने का काम करते थे। शुरूआती जांच में एटीएस को पता चला है कि तीनों आठ नल इलाके में एक किराए का मकान लेकर रह रहे थे। तीनों अफगानी नागरिकों ने भारतीय दस्तावेज बनवा रखे थे। एटीएस अब यह जानने की कोशिश कर रही है, कि और कितने लोग अभी भी भारतीय दस्तावेज बनवाकर रह रहे हैं। एटीएस ने इससे पहले छह लोगों को पकड़ चुकी है, जिसमें कुछ जबलपुर के रहने वाले हैं। गौरतलब है कि 1 अगस्त को एटीएस की टीम ने जबलपुर के छोटी ओमती में 10 साल से छिपकर रह रहे अफगानी नागरिक सोहबत खान को गिरफ्तार किया था। सोहबत ने सोशल मीडिया में अपनी एक फोटो पिस्टल के साथ पोस्ट की थी। एटीएस (एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड) ने लगातार एक सप्ताह तक इसकी निगरानी की थी।





### वर्ष 2015 में जबलपुर आया था सोहबत खान

अफगानी नागरिक सोहबत खान 2015 में एक काम के सिलसिले में पश्चिम बंगाल से होते हुए भोपाल और फिर जबलपुर आया था। इसके बाद सोहबत ने जबलपुर के छोटी ओमती इलाके में रहने वाली एक महिला से दोस्ती की और बाद में उससे निकाह कर साथ रहने लगा। सोहबत खान भी कम्बल बेचने का काम करता था, इसी आड़ में सोहबत खान ने ना सिर्फ अपना बल्कि कई अफगानियों के नकली पासपोर्ट बनवाए थे। इस मामले में एटीएस ने जिसके लिए जबलपुर के विजयनगर निवासी दिनेश गर्ग पिता श्रवण गर्ग और कटंगा रोड निवासी महेंद्र कुमार पिता माधव प्रसाद को भी गिरफ्तार किया था।

### एमपी-छत्तीसगढ़ में 20 से ज्यादा अफगानी

एटीएस को जांच के दौरान पता चला कि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में 20 से ज्यादा अफगानी युवक बिना कोई जानकारी दिए अपनी मूल पहचान छिपाकर रह रहे थे। सोहबत की निशानदेही पर एटीएस ने 53 वर्षीय अकबर को भी पकड़ा है, जो कि अभी जेल में है। अकबर करीब 20 साल पहले अफगानिस्तान से भारत आया और फिर यहीं बस गया था। अकबर पश्चिम बंगाल में रह रहा था और उसे कोलकाता से गिरफ्तार किया गया है। सोहबत ने अकबर का एक लाख 20 हजार रुपए में पासपोर्ट बनवाया था।

### अफगान भागने की फिराक में था इकबाल

सोहबत और अकबर की तरह अफगानी नागरिक इकबाल खान का भी फर्जी पासपोर्ट बनवाया था, जिसके जरिए वह जल्द ही अफगानिस्तान जाने की फिराक में था। एटीएस ने इस केस में अब तक 6 लोगों को पकड़ चुकी है, जिसमें वन विभाग में पदस्थ दिनेश गर्गएचंदन सिंह और महेश सुखदान है।

### याकूब खान 15 साल पहले अपने दादा के साथ आया था

खबर है एटीएस ने छोटी ओमती से जिस याकूब खान को हिरासत में लिया है, वह 15 साल पहले अपने दादा के साथ अफगानिस्तान से भारत आया था। सूत्र बताते हैं कि याकूब के बाद यूनुस और अब्दुल भी भारत आ गए। यहां आने के बाद इन दोनों का भी इंडियन पासपोर्ट बन गया था।याकूब खान सतपुला क्षेत्र में कम्बल बेचने का काम करता रहा।

# सायंकालीन जलापूर्ति अवरुद्ध रहेगी

**जबलपुर।** नगर निगम के कार्यपालन यंत्री जल कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि नर्मदा जल प्रदाय योजनांतर्गत 120 एम.एल.डी. रमनगरा जलशोधन संयंत्र में स्थापित 500 के.डब्लू. पंप का (600 एम.एम. ब्यास) वाल्व बदलने का कार्य किया जाना है, साथ ही मनमोहन नगर एवं लेमा गार्डन टैंक में भी वाल्व बदलने का कार्य किया जाना है, जिसके चलते आज दिनांक 21 अगस्त 2025 को सायंकालीन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। उन्होंने बताया कि संयंत्र से भरी जाने वाले टंकियाँ क्रमशः बिड़ला धर्मशाला, मेडिकल, त्रिपुरी, गुलौआ, राइट टाउन, मनमोहन नगर, लक्ष्मीपुर, कोतवाली, मोती नाला, आनंद नगर, लेमागार्डन, सर्वोदय नगर, मदर टेरेसा, बेदी नगर, मिल्क स्कीम, किलकारी गार्डन उच्चस्तरीय टंकियों से सायंकालीन जलापूर्ति अवरूद्ध रहेगी। उक्त अतिमहत्वपूर्ण कार्य के संपादन के चलते क्षेत्रीय लोगों को होने वाली असुविधा के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', जल प्रभारी एम.आई.सी. सदस्य दामोदर सोनी एवं निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने खेद व्यक्त किया है।



## आंगनबाड़ी कायाकल्प अभियान अंतर्गत में बच्चों के लिए बनाया जा रहा है आकर्षक वातावरण

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** जबलपुर में आंगनबाड़ी कायाकल्प अभियान के तहत 11 आंगनबाड़ियों को सर्वसुविधायुक्त बनाया गया है, जिनमें आवश्यक वस्तुएं जैसे कुर्सियां, ब्लैक बोर्ड, थालियां, वाटर फिल्टर और कैलेंडर उपलब्ध कराई गई हैं। इन आंगनबाड़ियों की दीवारों पर बच्चों को आकर्षित करने वाली पेंटिंग भी की गई है। इस अभियान के तहत जबलपुर की 687 आंगनबाड़ियों को दिसंबर तक सर्वसुविधायुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। आंगनबाड़ी कायाकल्प अभियान अंतर्गत आंगनबाड़ियों में बच्चों के लिए आकर्षक वातावरण बनाया जा रहा है। अभियान अंतर्गत सामाजिक संस्थाओं ने आंगनबाड़ियों को गोद लेकर सर्वसुविधायुक्त बनाने में सहयोग कर रही हैं। मध्यप्रदेश हाई कोर्ट बार एडवोकेट एसोसिएशन को इन 11 आंगनबाड़ियों को गोद लेने के लिए साधुवाद दिया गया है।



# जबलपुर सहित 23 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** जबलपुर, रतलाम सहित 23 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट है। वहीं दूसरी ओर भोपाल, इंदौर, उज्जैन व ग्वालियर में हल्की बारिश होने की संभावना है। प्रदेश में अगले चार दिन ऐसा ही मौसम रहेगा।

मौसम विशेषज्ञों की माने तो मानसून टर्फ, डिप्रेशन व साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की एक्टिविटी होने से कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हो रही है। आज जबलपुर, नीमच, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, हरदा, सीहोर, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, डिंडौरी, मंडला व बालाघाट जिलें में भारी बारिश का यलो अलर्ट है। मौसम विभाग के अनुसार एक दिन पहले कई जिलों में तेज बारिश का दौर रहा।

इंदौर में 9 घंटे में ढाई इंच से ज्यादा पानी बरसा। वहीं राजधानी भोपाल में शाम को व जबलपुर में रात 8 बजे के लगभग तेज बारिश का दौर चला। रायसेन व नर्मदापुरम में आधा इंच बारिश हुई। बैतूल, गुना, ग्वालियर, खरगोन, पचमढ़ी, उज्जैन, दमोह, मंडला, सिवनी में भी बारिश हुई। गौरतलब है कि प्रदेश में 16 जून को मानसून ने आमद दी थी। तब से अब तक औसत 32 इंच बारिश हो चुकी है। अब तक 26।1 इंच पानी गिरना था। इस हिसाब से 5।9 इंच पानी ज्यादा गिर चुका है। प्रदेश की सामान्य बारिश औसत 37 इंच है। अब तक 86 प्रतिशत पानी गिर चुका है।



### पूर्वी हिस्से में तेज बारिश हुई-

मध्यप्रदेश में जब से मानसून प्रवेश हुआ है तब से पूर्वी हिस्से जबलपुर, रीवा, सागर व शहडोल संभाग में तेज बारिश हुई है। यहां बारिश के स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव रहे। छतरपुर, मंडला, टीकमगढ़, उमरिया सहित कई जिलों में बाढ़ आ गई। इसके अलावा ग्वालियर-चंबल में भी मानसून जमकर बरसा है। यहां के 8 जिलों में से 7 में कोटे से ज्यादा पानी गिर चुका है। इनमें ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, भिंड, मुरैना व श्योपुर शामिल हैं। दतिया में भी 92 प्रतिशत से अधिक बारिश हो चुकी है।

# जिज्ञासा के क्षेत्रीय सम्मेलन एवं राज्य आरोग्य मेले का सफल आयोजन संपन्न

### जबलपुर में गूंजे आयुर्वेद की जय के नारे

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के जिज्ञासा आयाम द्वारा आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन एवं राज्य आरोग्य मेले का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस सम्मेलन में आयुर्वेद शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में विविध दृष्टिकोणों पर मंथन हुआ।

कार्यक्रम के समापन सत्र में अभाविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री एस. बालकृष्ण जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत प्रचारक श्री ब्रजकांत जी, महर्षि सुश्रुत आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. अशोक खंडेलवाल, राष्ट्रीय सलाहकार (जिज्ञासा) डॉ. घनश्याम वत्स, श्री रवि शंकर जी, डॉ आदर्श रावत, प्रदेश मंत्री माखन शर्मा , प्रांत संगठन मंत्री मनोज यादव, प्रांत सह संगठन मंत्री आशीष शर्मा, महानगर संगठन मंत्री, सतीश गुप्ता,महानगर मंत्री आर्यन पुंज, राष्ट्रीय सह संयोजक (जिज्ञासा) श्री राजेश कल्याण, प्रांत संयोजक डॉ. रोहित पाण्डेय, प्रांत सह संयोजक डॉ. अमित सिंह, डॉ. हरिता सचदेवा, गौरव तिवारी, साक्षी बोहरे, जतिन राठौर,जानवी जायसवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में एस. बालकृष्ण जी ने कहा कि ‟ ÷अभाविप केवल किसी एक प्रांत, प्रदेश या देश की सीमा में सीमित नहीं है। जिज्ञासा आयाम आयुर्वेद के लिए कार्य करने वाला विश्व का सबसे बड़ा मंच है, जो आधुनिकता और परंपरा के समन्वय से वैश्विक स्तर पर योगदान कर रहा है। कुलगुरु डॉ. अशोक खंडेलवाल ने सम्मेलन की सराहना करते हुए कहा कि ‟ ÷जिज्ञासा आयाम के माध्यम से विद्यार्थियों को आयुर्वेद की गहराइयों को समझने और शोध की दिशा में बढ़ने का अवसर मिला है। इस अवसर पर डॉ. हरिता सचदेवा ने तीन दिवसीय सम्मेलन का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में देशभर से 1024 स्नातक एवं परास्नातक छात्र-छात्राएं तथा 100 से अधिक प्राध्यापक सम्मिलित हुए। साथ ही देश के 16 ख्यातिप्राप्त आयुर्वेदाचार्यो ‟ जिनमें पद्मश्री, धन्वंतरि अवार्ड, गुजरात नू गौरव एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मान से अलंकृत विद्वान शामिल थे ‟ ने विविध विषयों पर अपने व्याख्यान दिए। उन्होंने यह भी बताया कि जिज्ञासा सम्मेलन की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि देश के 12 से अधिक राज्यों से छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे यह सम्मेलन वास्तव में राष्ट्रीय स्वरूप का प्रतीक बन गया।अभाविप का यह सम्मेलन आयुर्वेद के क्षेत्र में शोध, नवाचार और राष्ट्रहित में समर्पित भाव से काम करने वाले युवाओं के लिए एक प्रेरणादायी मंच सिद्ध हुआ। जबलपुर के लिए यह सम्मेलन एवं राज्य आरोग्य मेला एक ऐतिहासिक कार्यक्रम बन कर आयुष हितैषियों के लिए यादगार सिद्ध हुआ ।




# आगामी 18 माह में शहर के नागरिकों को जलप्लावन की समस्या से हमेशा के लिए मिलेगी मुक्ति - महापौर

## शहर में आपदा प्रबंधन अंतर्गत बाढ़ नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु नगर निगम जबलपुर को मिली 222 करोड़ की स्वीकृति

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** भारत सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के द्वारा जबलपुर के नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएँ प्रदान करने के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाओं के अंतर्गत बाढ़ नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए 222 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत कर नगर निगम जबलपुर को एक बड़ी राशि की सौगात दी गयी है। जबलपुर को यह सौगात महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' और निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के संयुक्त रूप से सार्थक पहल और मेहनत से मिली है। इस संबंध में पत्रकारवार्ता में उपस्थित सभी सम्माननीय पत्रकारबंधुओं को संबोधित करते हुए महापौर एवं निगमायुक्त ने बताया कि भारत सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के द्वारा चौथे चरण के अंतर्गत 11 शहरों में जबलपुर का नाम भी शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि शहर में आपदा प्रबंधन अंतर्गत बाढ़ नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए नगर निगम जबलपुर को 222 करोड़ रूपये की राशि देने स्वीकृति प्रदान की गयी है।

उन्होंने पत्रकारवार्ता के दौरान बताया कि भारत सरकार द्वारा नगरीय बाढ़ नियंत्रण एवं रोकथाम योजना फेस-04 अंतर्गत जबलपुर शहर को शामिल किया गया है, जिसके अंतर्गत उक्त योजना अंतर्गत पूरे शहर का वर्षा जल निकासी हेतु सर्वे प्रक्रिया, कंटूरिंग, 3डी एलिवेशन मॉडल एवं पिछले 50 वर्षो का वर्षा जल डाटा तथा उसकी तीव्रता का आंकलन कर शहर में वर्तमान में निर्मित नालो की क्षमता का पुनः आंकलन कर ÷वर्षा जल निकासी हेतु मास्टर प्लान÷ तैयार कर डी.पी.आर. तैयार करना एवं कार्य का सुपरविजन कराया जाना है।

महापौर एवं निगमायुक्त ने पत्रकारवार्ता में बताया कि उक्त योजना में जबलपुर शहर में बाढ़ नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु कार्य प्रस्तावित किये गये हैं जिसके अंतर्गत प्राकृतिक आधारित समाधान जैसे - जलप्लावन क्षेत्रो में स्थित तालाबो का जीर्णोद्वार, अतिक्रमण मुक्त कराया जाकर उनके चारो ओर बाउन्ड्री एवं मैकेनिकल सुलूश गेट इत्यादि बनाकर उनकी जल एकत्रित करने की क्षमता बढ़ाई जायेगी। शहर के कई हिस्सों में एवं सड़क किनारे व्यापक रूप से रेन वाटर हार्वेस्टिंग (वर्षा जल संचयन) एवं परमेबल (पारगम्य) पेवर का कार्य कराया जाकर स्पंज (पानी सोखने बाबत) जोन निर्माण कराया जायेगा एवं शासकीय भवनों में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाये जायेगें।

महापौर एवं निगमायुक्त ने पत्रकारवार्ता में बताया कि अन्य समाधान जैसे - शहर के जलप्लावन से ग्रसित छूटे सभी बड़े नालो का निर्माण तथा उनमें जुड़ने वाली नालियों एवं पुलियों का निर्माण कार्य कराना। शहर के लो-लाइन एरिया में आवश्यकता अनुसार कृत्रिम तालाब अथवा मोबाइल पम्पिंग स्टेशन की व्यवस्था कराना।

महापौर एवं निगमायुक्त ने बताया कि उक्त सम्पूर्ण कार्य हेतु समयावधि निर्धारित की गयी है। जिसमें भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप डी.पी.आर. तैयार करने हेतु - 4 माह एवं तैयार डी.पी.आर. अनुसार कार्य करने हेतु 18 माह का लक्ष्य निर्धारित गया है।

### कठौंदा एवं ललपुर में संचालित एस.टी.पी. को सोलर पैनल के माध्यम से संचालित करने स्वीकृत हुई 8 करोड़ रूपये की राशि

महापौर एवं निगमायुक्त ने पत्रकारवार्ता में बताया कि मिनिस्टरी ऑफ हाउसिंग एण्ड अर्बन अफेयर्स् ;डपदपेजतल वि िवनेपदह ंदक नतइंदि ंपतेद्ध द्वारा अमृत योजना के अंतर्गत ÷जल ही अमृत÷ सर्वेक्षण वर्ष 2025 प्रतिस्पर्धा में जबलपुर शहर में संचालित 34 एमएलडी, ललपुर एवं 32 एमएलडी कठोंदा एसटीपी (मल-जल शोधन संयंत्र) को ÷स्वच्छ जल क्रेडिट÷ आधार पर 5 स्टार रेटिंग प्राप्त हुई है। इस सर्वेक्षण को केंद्र शासन स्तर पर नियुक्त एक्सपर्ट की टीम द्वारा कराया गया था। जिसमे टीम के द्वारा शहर में संचालित इन एसटीपी में शुद्धीकृत हो रहे सीवेज की मात्रा एवं उसके उपचार पश्चात उसकी गुणवत्ता के आधार पर 5 स्टार रैटिंग प्रदान की गई। जिसके आधार पर इन एसटीपी की संचालन व्यवस्था को और दुरुस्त करने जबलपुर शहर को 8 करोड़ रूपये की राशि प्रोत्साहन के रूप में स्वीकृत भी की गई है। उक्त राशि का उपयोग शासन के निर्देशों के परिपालन में इन एसटीपी के संचालन में उपयोग हो रही विद्युत खपत में होने वाले व्यय को लगभग 90 प्रतिशत तक सोलर माध्यम से कम करने डी.पी.आर. तैयार की जा रही है। दोनों एसटीपी ललपुर एवं कठौंदा में लगभग 1.5 मेगावाट क्षमता के सोलर पैनल स्थापित करने की कार्ययोजना तैयार की जा रही है।




### एकरूपता से हिन्दी भाषा में नामकरण के साथ निगम का स्टेडियम मार्केट होगा भव्य : वर्क ऑर्डर जारी

महापौर श्री अन्नू एवं निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए यह भी बताया कि स्टेडियम मार्केट के व्यापारियों के द्वारा जनभागीदारी राशि के रूप में 20 लाख रूपये की राशि नगर निगम को प्रदान की गयी है। इससे स्टेडियम मार्केट की भव्यता को बढ़ाने के लिए कार्य कराये जायेगें। महापौर और निगमायुक्त ने इसके लिए मार्केट के सभी व्यापारियों को साधूवाद दिया है। महापौर ने यह भी बताया कि स्टेडियम मार्केट में एकरूपता से हिन्दी भाषा में नामकरण के साथ निगम का भव्य मार्केट का स्वरूप प्रदान किया जायेगा। इसके लिए भी वर्क ऑर्डर जारी किया गया है। महापौर ने बताया कि नगर निगम के सभी मार्केट में एकरूपता के साथ हिन्दी भाषा में दुकानों का नाम लिखकर दिव्य एवं भव्य स्वरूप प्रदान किये जायेगें।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक अंकित शर्मा, संपादक शीलू शर्मा द्वारा जवाहर नगर गाली नं. 10 सतना से प्रकाशित तथा अंकित शर्मा द्वारा कोरल ऑफसेट सतना द्वारा मुद्रीत करवाकर प्रकाशित।
समस्त न्याय क्षेत्र सतना होगा। Mail id : udghoshsamay@gmail.com Mob. 7987290705